प्रैसनोट

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, मुख्यालय जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अधिशाषी अभियन्ता के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में किया मुकदमा दर्ज

जयपुर 14 जून 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की इन्टेलीजेन्स शाखा की गोपनीय सूचना के आधार पर ब्यूरो मुख्यालय पर 13 जून 2019 को सार्वजनिक निर्माण विभाग जयपुर के अधिशाषी अभियन्ता (एक्सईएन) इलेक्ट्रिकल रघुनाथ प्रसाद मीणा के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का प्रकरण दर्ज किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक, डॉ. आलोक त्रिपाठी के निर्देशन में शुक्रवार को अति. पुलिस अधीक्षक, एसीबी जयपुर नगर-चतुर्थ श्रीमती चंचल मिश्रा के नेतृत्व में ब्यूरो की 5 टीमों द्वारा अधिशाषी अभियन्ता आर.पी. मीणा से संबंधित 5 अलग-अलग स्थानों पर सर्च किया।

सर्च में निम्नलिखित नकद राशि एवं सम्पत्ति से संबंधित दस्तावेज मिले -

1. अधिशाषी अभियन्ता के जयपुर स्थित निवास से 2.55 लाख रूपये की नकद राशि एवं 20 लाख रूपये की एफडी के कागजात।

2. 633 सिंगापुर डॉलर (विदेशी मुद्रा) भी बरामद किये गये।

3. जयपुर के पॉश एरिया विवेक विहार में एक 3 मंजिला भवन, विधानसभा नगर में एक आवासीय भवन, 6-डी इन्जीनियर्स कॉलोनी, जयपुर में 4 आवासीय भूखण्ड।

4. गजसिंहपुरा गोपालपुरा बाईपास पर एक कॉमर्शियल शॉरूम एवं न्यू आतिश मार्केट जयपुर में एक शॉरूम कें कागजात मिले

समस्त अचल सम्पत्ति की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 15 करोड़ रूपये है।

5. छः लाईफ इन्श्योरेन्स पॉलिसी के कागजात, 12 बैंक खाते, 2 पीपीएफ खाते एवं एक लॉकर के कागजात मिले जिन्हें सीज कर दिया गया है एवं जिनकी तलाशी शेष है।

6. इसके अतिरिक्त एक फॉर्चूनर कार जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रूपये, एक स्वीफ्ट डिजायर तथा एक मोटरसाईकिल के कागजात भी मिले जो स्वंय अधिशाषी अभियन्ता के नाम है।

:- निवासी पर सर्च अभी जारी है, जिसकी मॉनिटरिंग एडीजी श्री सौरभ श्रीवास्तव एवं पुलिस अधीक्षक श्री शरद चौधरी कर रहे हैं ।